# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# हेडिंग्ले टेस्ट मे ऐतिहासिक जीत से बस एक कदम दूर भारत, लीड्स मे 126 साल पुराना रिकॉर्ड इंग्लैडं को डरा रहा है।


Publisher | Published on 24 Jun 2025




## शुभमन गिल की कप्तानी मे टीम इंडिया ने इंग्लैडं को दिया 371 रनों का टारगेट, लीड्स के इतिहास मे इंतनी बड़ी रनचेज सिर्फ एक बार ही हुई है सफल।

**लीड्स टेस्ट मैच : भारत बनाम इंग्लैडं टेस्ट सीरीज 2025** के पहले मुकाबले में **टीम इंडिया ने हेडिंग्ले (लीड्स)** में इतिहास रचने की ओर कदम बढ़ा दिया है। **चौथे दिन** भारत ने अपनी दूसरी पारी में **364 रन बनाए और इंग्लैडं के सामने 371 रनों का विशाल लक्ष्य** रखा है।

इतिहास की बात करें तो **लीड्स के 126 साल पुराने टेस्ट इतिहास** में अब तक इतनी बड़ी रनचेज सिर्फ एक बार ही सफल रही है।

**राहुल और पंत की शानदार पारी ने बदला मैच का रुख**

१. भारत की दूसरी पारी में **केएल राहुल** और **ऋषभ पंत** ने शानदार शतक जड़ा।
२. **राहुल ने 247 गेदों मे 137 रन बनाए (18 चौके)**
३. **पंत ने 118 रनों की पारी खेली (15 चौके, 3 छक्के)**
४. **दोनों ने मिलकर 195 रनों की साझेदारी की और टीम इंडिया को मज़बूत स्थिति मे ला खड़ा किया।**
५. **शुभमन गिल भले ही इस पारी मे सिर्फ 8 रन बना सके, लेकिन उनकी कप्तानी मे टीम अब ऐतिहासिक जीत के करीब**

**है।**

**हेडिंग्ले मे रंनचेज का इतिहास :**
**लीड्स टेस्ट मे अंब तक 370+ रन** का पीछा सिर्फ एक बार सफल रहा:

| **वर्ष** | **टीम** | **रन चेज किया** | **विरोधी टीम** |
|---|---|---|---|
| 1948 | ऑस्ट्रेलिया | 404/3 | इंग्लैंड |
| 2019 | इंग्लैंड | 362/9 | ऑस्ट्रेलिया |
| 2017 | वेस्टइंडीज | 322/5 | इंग्लैंड |
| 2001 | इंग्लैंड | 315/4 | ऑस्ट्रेलिया |
| 2022 | इंग्लैंड | 296/3 | न्यूजीलैंड |
| 2023 | इंग्लैंड | 254/7 | ऑस्ट्रेलिया |
| 1982 | इंग्लैंड | 219/7 | पाकिस्तान |

**क्या शुभमन गिल रचेगें इतिहास ?**
अगर भारत यह मुकाबला जीतता है, तो **शुभमन गिल** इंग्लैंड में टेस्ट जीत दर्ज करने वाले **सबसे युवा भारतीय कप्तानों** में शामिल हो जाएंगे। यह जीत उन्हें कप्तान के रूप में एक नई पहचान दिला सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.